## एक नजर में

### प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष उज्जैन आए



**उज्जैन।** मध्य प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष शेख अलीम उज्जैन जिले के दौरे पर आए। यहां उन्होंने महिदपुर तथा नागदा में कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर राजनीतिक विषय पर चर्चा की। नगर कांग्रेस अध्यक्ष सगीर बेग ने बताया कि 7 जनवरी को शेख अलीम ने महिदपुर में जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की संगठन समीक्षा बैठक ली और साथियों से मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्य रूप विधायक दिनेश जैन बॉस, उज्जैन जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग अध्यक्ष नौशाद खान, अनिल आचालिया, कांग्रेस अध्यक्ष सगीर बेग, ब्लॉक अध्यक्ष कैलाश बजना, पार्षद इकबाल खान, पार्षद जाकिर खान, इरफान राजा, अनीस मंसूरी, नरेश शर्मा, अनिल शर्मा, मन्सुर पटेल रफिक शेख और सभी अल्पसंख्यक विभाग और कांग्रेस के साथी मौजूद रहे।

### जो दूल्हा बिना दहेज के निकाह करेगा, उसे 11000 प्रदान किए जाएंगे

**उज्जैन।** जो दूल्हा बिना दहेज के निकाह करेगा, उसे सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी द्वारा प्रोत्साहन राशि के रूप में 11000 प्रदान किए जाएंगे। सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी के संरक्षक सैयद अबीद अली मीर एवं संयोजक हाजी शेरू भाई ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि संस्था का नि:शुल्क 27वा ऑल इंडिया इजतीमाई निकाह प्रोग्राम में शामिल होने के लिए अपने जोड़ों के आवेदन 15 जनवरी तक संस्था कार्यालय 48 अमरपुरा पर अनिवार्य रूप से कर दे। दुल्हन की उम्र 18 वर्ष एवं दूल्हा की उम्र 21 वर्ष होना अनिवार्य है। कन्वीनर हाजी इस्माइल भाई रंगवाला एवं हाजी इस्माइल खान भूरुभाई ने बताया संस्था द्वारा नि:शुल्क निकाह प्रोग्राम में दूल्हे और दुल्हन की तरफ से 20-20 लोगों को दावत में शामिल किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 93026 39292 पर संपर्क कर सकते हैं। उपरोक्त जानकारी संयुक्त सचिव सैयद उस्मान हसन प्रचार सचिव शाकीर शेख ने दी।

### अंतर्राष्ट्रीय कबीर पंथ महासंघ ने की उपमुख्यमंत्री से मुलाकात



**उज्जैन।** अंतर्राष्ट्रीय कबीर पंथ महासंघ ने मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा के निवास स्थान भोपाल में पहुंचकर उनसे मुलाकात कर संगठन को लेकर चर्चा की। इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय कबीर पंथ महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत चूड़ामणि के साथ ही राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महंत राधाकिशन देवास, प्रदेश उपाध्यक्ष महंत परममनोहर सोनकच्छ, अंतर्राष्ट्रीय कबीर पंथ महासंघ नारी शक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत मायादेवी उज्जैन, प्रदेश अध्यक्ष सुमन आंजना उज्जैन, सदगुरु कबीर जनकल्याण सेवा संस्थान आगर मालवा के अध्यक्ष गिरधारी लाल मालवीय, संरक्षक चन्दरसिंह सौराष्ठी शाजापुर आदि मौजूद रहे।

### वार्ड नंबर 9 में मटमैला पानी प्रदाय किया गया




**खाचरौद।** विगत दिनों इंदौर में दूषित पेयजल के मामले में 17 से अधिक लोगों के अचानक काल के गाल में समा जाने का गंभीर मामला सामने आया है। इसे लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश की सभी नगर पालिकाओं व निगमों को सख्त निर्देश दिये हैं कि वे अपने यहां भी सारी पाइप लाइनों का निरीक्षण करें। पीने के पानी को सप्लाई करने वाली टंकियों की नियमित सफाई सुनिश्चित करें। ताकि भविष्य में इस तरह की स्थिति कहीं निर्मित नहीं हो। नगर में पहले भी दूषित पेयजल की शिकायते आती रही है। हाल ही में सोशल मीडिया पर वार्ड नंबर 9 में मटमैला पानी आने की जानकारी मिली है। कांग्रेस शासित नगर पालिका इसे लेकर गंभीर नहीं है। भाजपा के पूर्व मण्डल अध्यक्ष अनिल छाजेड़ ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को शहर में सप्लाई हो रहे पानी की मॉनीटरिंग कर जहां भी गन्दे व मटमैले पानी की समस्या आ रही है उसके कारण का पता लगाकर उसे ठीक करने की व्यवस्था करे। साथ ही सभी पानी की टंकियों को साफ करवाएं व लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

### आत्महत्या जैसा विचार मन में न आए, इसलिए सखी संवाद सेल का गठन



**उज्जैन।** वर्तमान जीवन में बढ़ते तनाव एवं युवाओं में बढ़ती आत्महत्या को मद्देनजर रखते हुए छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने हेतु कालिदास कन्या महाविद्यालय में *सखी संवाद सेल* का गठन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में सखी समाज सेल की संयोजक डॉ. कविता जैन मैडम ने बताया कि छात्राओं के हित में बनाए गए इस सेल में छात्राओं की समस्याओं का समाधान काउंसलर्स द्वारा किया जाएगा किया जाएगा। डॉ रूपा भावसार ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को बताया कि मानसिक स्वास्थ्य मन से जुड़ा है और मन ज्ञान और बुद्धि का माध्यम है। स्वस्थ जीवन शैली उचित आहार नींद व्यायाम और स्वस्थ मनोरंजन के साथ नियमित दिनचर्या हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को पोषित करता है। तनाव से बचने के लिए अपने काउंसलर से संवाद करें। अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने कहा कि व्यक्ति की भावनात्मक, सामाजिक और मनोवैज्ञानिक स्थिति यह दर्शाती है कि हम क्या सोचते हैं कैसा महसूस करते हैं और कैसे कार्य करते हैं। हमारे जीवन में कई कठिनाई आती है। उन परिस्थितियों में साहस रखें। सकारात्मक सोच से जीवन जीने का उद्देश्य बनाना है। समग्र के कल्याण की भावना हमारे जीवन को सकारात्मक चेतन्यता देती है। कार्यक्रम का संचालन डॉ .आनंद सिंदल ने किया। बड़ी संख्या में महाविद्यालय की छात्राओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर ने सबका ध्यान खींचा



**उज्जैन.** ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर ने जयपुर में अपनी रफ्तार बढ़ाई और हाई फैशन और मोटरस्पोर्ट को एक साथ लाकर फैशन का नेक्स्ट मूव दिखाया, डिजाइनर नम्रता जोशीपुरा और अभिषेक पाटनी ने रेसिंग से प्रेरित बोल्ड सिल्हूट्स के जरिए मोटरकोर के सौंदर्यशास्त्र को नया रूप दिया, जबकि बॉलीवुड स्टार हरनाज़ संधू ने शोस्टॉपर बनकर समापन समारोह की शोभा बढ़ाई. शो की रात का समापन रफ्तार के धमाकेदार प्रदर्शन के साथ हुआ.

# खण्डेलवाल प्रीमियर लीग-4 में केपीएल चैंपियंस का खिताब महादेव, विष्णु वॉरियर के नाम

**उज्जैन। खण्डेलवाल युवा परिवार द्वारा आयोजित बहुप्रतीक्षित आयोजन खण्डेलवाल प्रीमियर लीग-4 में केपीएल चैंपियंस का ख़िताब महादेव एवं विष्णु वॉरियर ने अपने नाम किया।**

सामाजिक एकता एवं महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित केपीएल में दो केटेगरी युवा वर्ग एवं वरिष्ठ समाजजन की टीम के मैच हुए। प्रात: 9 से देर रात्रि तक चलने वाले मैचो में विशेष अतिथि के रूप में सांसद अनिल फिरोजिया, उज्जैन उत्तर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, संजय अग्रवाल, राजेश सिंह कुशवाह, गोविंद शर्मा का सानिध्य प्राप्त हुआ।

सेकंड इनिंग टर्फ मक्सी रोड पर हुए टूर्नामेंट के मुख्य स्पॉन्सर कान्हा वाटिका मनोज डंगायच निशांत डंगायच, को-स्पॉन्सर संतोष मामोडिया मयंक मामोडिया रहे। सांसद फिरोजिया ने वक्तव्य में युवा परिवार द्वारा महिलाओं को टूर्नामेंट में विशेष प्रतिनिधित्व देने हेतु आयोजकों की सराहना की।

इस दौरान 8 लीग मैच एवं 2 सेमी फाइनल एवं फाइनल मुकाबला शामिल था। युवा केटेगरी में 18 से 40 वर्ष के महिला पुरुष की 5 टीम जिसमे महाकाल वॉरियर्स के मालिक देवेन्द्र जांघिनीय, शम्भू वॉरियर्स के मालिक राहुल धामाणी, शिवा वॉरियर्स के मालिक अतुल आयुष खण्डेलवाल, नीलकंठ वारियर्स के मालिक नीलेश खण्डेलवाल, महादेव वॉरियर्स के मालिक गोविंद खण्डेलवाल एवं वरिष्ठ समाजजन केटेगरी (40-60 वर्ष) में ब्रह्मा वारियर्स के मालिक खण्डेलवाल एक्टिविस्ट, विष्णु वॉरियर्स के मालिक आशीष मेंठी, महेश वॉरियर्स के मालिक अंकित लोया थे।




युवा वर्ग के बेहद रोमांचक मुकाबले में आनंद भोग आटा की टीम महादेव वॉरियर्स कप्तान अनिकेत मेंठी की विजयी हुई, वही वरिष्ठ समाज जन वर्ग में अनिकेत एंटरप्राइज़ की टीम विष्णु वॉरियर्स कप्तान अभिषेक कुलवाल की विजयी हुई। टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन का खिताब शिवांश खण्डेलवाल एवं सर्वाधिक विकेट का खिताब तनिष्क रावत को मिला। वुमन ऑफ़ केपीएल का खिताब श्रुति खण्डेलवाल, मेन ऑफ़ केपीएल का ख़िताब शिवांश खण्डेलवाल एवं राजेश कुलवाल को मिला।

टूर्नामेंट के सफल संचालन में युवा परिवार अध्यक्ष शुभम सामरिया, सचिव मयंक मामोडिया, कोषाध्यक्ष सुमित झालानी, उपाध्यक्ष आकाश झालानी, सहसचिव विवेक मेहरवाल, कार्यकारिणी सदस्य रितेश खण्डेलवाल की मुख्य भूमिका रही। आयोजन के एजुकेशनल पार्टनर वर्जिन मैरी स्कूल से सौरभ चौधरी, हेल्थकेयर पार्टनर आयु फिजियोथेरेपी से डॉ. आयुषी भावसार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में गोविंद खण्डेलवाल, अनिल सामरिया, राजेन्द्र झालानी, गुलशन नाटाणी, सिद्धेश्वर दास, मनीष खण्डेलवाल, राजेंद्र सोखिया, ओम माचीवाल मनीष मेहरवाल, डॉ. अजय गुप्ता, अर्पित गुप्ता उपस्थित रहे।



## जिला पंचायत सीईओ कुमट ने ली बैठक

**महिदपुर।** जिला सीईओ श्रेयांश कुमट ने जनपद पंचायत महिदपुर सभा गृह में सहायक यंत्री अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी, खण्ड पंचायत अधिकारी, पंचायत समन्वयक अधिकारी, उपयंत्री, सचिव, सहायक सचिव ग्राम पंचायत समस्त एवं जनपद स्टाफ की पंचायत प्रधानमंत्री आवास योजना मनरेगा, निर्माण कार्य एवं पंचायत में करारोपण जलजीवन मिशन संचालित ग्रामो में जलकर भुगतान के लिए समस्त प्रकार की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में मनेरेगा, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास में कम प्रगति वाले ग्राम रोजगार सहायक को कार्रवाई हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिये गये। गोशाला पूर्णता, विधायक निधि निर्माण कार्य पूर्णता एवं अन्य निधियों से निर्मित अपूर्ण कार्य हेतु ग्राम पंचायत सचिवो को कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। समीक्षा बैठक के पश्चात एकता सामुदायिक प्रशिक्षण केन्द्र महिदपुर द्वारा संचालित केन्द्र का भ्रमण किया गया। जहां पर महिलाओं द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया जा रहा था। इसके पश्चात् भीमाखेडा में वैभवी स्व सहायता समूह की महिलाओ द्वारा संचालित मसाला केन्द्र का निरीक्षण किया गया। जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उज्जैन द्वारा मिर्ची, हल्दी पावडर क्यूआर कोड से 150 रूपये स्वयं भुगतान कर क्रय किया गया। उसके पश्चात् पीएचई विभाग द्वारा ग्राम पंचायत कासोन में संचालित पेयजल आपूर्ति नलजल योजना का निरीक्षण किया गया।

## 10 व 11 को दो दिवसीय नारदीय कीर्तन महोत्सव

**उज्जैन।** महाकाल की पावन पवित्र नगरी में महाराष्ट्रीयन संस्कृति को सरंक्षित रखने के लिए 10 व 11 जनवरी को दो दिवसीय कीर्तन महोत्सव का आयोजन महाराष्ट्र धर्मशाला क्षीरसागर पर संपन्न होगा। नारदीय कीर्तन सोहळा समिति के डॉ. महेंद्र गौरे व अजय विपट ने बताया कि प्रथम दिवस 10 जनवरी को उद्घाटन सत्र सायंकाल 5.30 बजे प्रारंभ होगा। जिसमें हरि भक्तपरायण शुभांगी संदीप पाठक सोलापुर मंगलाचरण कीर्तन होगा तथा द्वितीय सत्र में हरि भक्तपरायण आशुतोष नारायण कुलकर्णी सोलापुर का कीर्तन होगा। 11 को सायंकाल 5.30 बजे प्रथम सत्र का कीर्तन मृण्मयी कुलकर्णी नागपुर एवं द्वितीय सत्र में हरिभक्त परायण हर्षदबुवा जोगलेकर पुणे का कीर्तन होगा। अध्यक्षता दीपक करपे एवं प्रमुख अतिथि श्रेयस गोखले, विशेष अतिथि पंकज चंदोरकर, सुशील मुले के आथित्य में संपन्न होगा। उक्त दो दिवसीय धार्मिक आयोजन में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेवे।



## शैलेंद्र पाराशर राष्ट्रीय शिप्रा शिरोमणि 2026 से सम्मानित

**उज्जैन। कालिदास संस्कृत अकादमी के संकुल सभागृह में शिप्रा महाविद्यालय, उज्जैन द्वारा राष्ट्रीय सम्मान समारोह के अभिनव आयोजन में महामंडलेश्वर स्वामी शैलेशानन्द गिरि एवं निदेशक डॉ.अभिषेक सिंह तोमर ने साहित्यकार आचार्य शैलेंद्र पाराशर का शाल उड़ाकर एवं वैजयंती भेंट कर राष्ट्रीय शिप्रा शिरोमणि 2026 सम्मान से सम्मानित किया।**

सम्मान समारोह में कला, साहित्य, संगीत और पत्रकारिता जगत की यशस्वीं विभूतियों एवं संस्था के मेधावी यशस्वी एवं वैश्विक कीर्तिमान स्थापित करने वाले विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों को मंचासीन अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर स्वामी शैलेशानन्द गिरि थे। अध्यक्षता बालकृष्ण शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि डॉ. रमन सोलंकी और साहित्यकार डॉ. गिरीश पंड्या थे। समारोह का सफल, प्रभावी आवाज़ एवं अभिनव शैली में संचालन मयंक शुक्ला ने किया।

शिप्रा महाविद्यालय के निदेशक डॉ. अभिषेक सिंह तोमर ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग के प्रति सभी का आभार अभिव्यक्त किया।



## बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**उज्जैन।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास बृजेश त्रिपाठी ने जानकारी दी कि बुधवार को जिला प्रशासन उज्जैन द्वारा संचालित 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत विभाग द्वारा बाल विवाह की रोकथाम हेतु जिला पंचायत में जिले के समस्त परियोजना अधिकारी एवं सुपरवाइजर का प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रेयांस कुमट द्वारा बाल विवाह के दुष्परिणामों से सभी को अवगत करवाते हुए बताया कि बाल विवाह बच्चों के अधिकारों का गंभीर उल्लंघन है जो उनके शारीरिक, मानसिक एवं शैक्षणिक विकास को बाधित करता है। बाल विवाह से होने वाले सामाजिक एवं कानूनी हानियों से भी सभी को अवगत करवाया। कुमट द्वारा सभी को बाल विवाह की रोकथाम हेतु शपथ दिलवाई गई।

जिला कार्यक्रम अधिकारी बृजेश त्रिपाठी द्वारा बाल बाल विवाह की रोकथाम हेतु प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे सो दिवसीय कार्यक्रम अंतर्गत यह जानकारी दी की जिले में विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। आमजन को जागरूक करने हेतु लाडो रथ चलाया गया ताकि लोग ज्यादा से ज्यादा जागरूक हो सके एवं बाल विवाह की रोकथाम हेतु प्रयासरत रहे। त्रिपाठी द्वारा यह भी बताया गया कि विवाह कार्यक्रम में अपनी सेवाएं देने वाले विभिन्न सेवा प्रदाता, प्रतिष्ठान, प्रिंटिंग प्रेस, मैरिज लॉन, कैटर्स, बैंड वाले, घोड़ी वाले व अन्य सेवाएं देने वाले पर भी सहयोगी होकर दंड का प्रावधान हैं।

## राष्ट्रीय बेंच प्रेस चैंपियनशिप हेतु मध्य प्रदेश का 144 खिलाड़ियों का दल हुआ रवाना

▶ चैंपियनशिप में पूरे देश से करीब 1523 खिलाड़ी करेंगे सहभागिता

**उज्जैन। पावरलिफ्टिंग इंडिया के मार्गदर्शन में हरियाणा पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा 7 से 11 जनवरी हरियाणा के फरीदाबाद स्थित स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में 34वीं राष्ट्रीय क्लासिक एवं इक्विप्ड सब जूनियर, जूनियर, सीनियर मास्टर्स महिला, पुरुष बेंच प्रेस चैंपियनशिप का भव्य आयोजन किया जा रहा है।**

मध्य प्रदेश पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी कमल नंदवाना एवं शिव प्रसाद कुरे द्वारा संयुक्त रूप से बताया गया कि लगातार पांच दिवसीय चैंपियनशिप में पूरे भारत से करीब 1523 खिलाड़ी क्लासिक और इक्विड में भाग लेंगे। उक्त चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष के आर तिवारी के नेतृत्व में मध्य प्रदेश टीम का चयन किया गया। चैंपियनशिप में प्रदेश से सभी वर्ग समूह व इक्विप्ड और क्लासिक खिलाड़ी मिलाकर 144 खिलाड़ी सहभागित करेंगे।

मध्य प्रदेश टीम के कोच व मैनेजर की अहम भूमिका राष्ट्रीय निर्णायक कैटिगरी 1 संजीव राजदान, मीरा राज़दान, देवेंद्र नाहर, यूपी सिंह, अशोक तिवार, आशीष जैन, जगदीश जुननिया, अंबिकेश तिवारी द्वारा निर्वहन की जाएगी। संस्था प्रमुख महेंद्र हार्डिया, रमेश मेंदोला, केआर तिवारी, रमेश दवे, प्रेमसिंह यादव, प्रशांत मिश्रा, शरीफ़ खान, विस्टन लाल, अजय जायसवाल, सत्य नारायण वारिया, जेसी राठौर, शशिकांत और पूरे पॉवर लिफ्टिंग परिवार द्वारा खिलाड़ियों को बेस्ट ऑफ लॉक कहा गया और विजय श्री की अग्रिम शुभकामनाएं दी।



## सनातन धर्म को आगे बढ़ाने हेतु एक परिवार की तरह आना होगा आगे

▶ हजारों की संख्या में लोगो ने लिया भाग

**घट्टिया।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर देशभर में चल रहे हिन्दू जागरण सम्मेलन के अंतर्गत आज हम सब यहा एकत्रित हुए है, सनातन धर्म को आगे बढ़ाने के लिए हम सभी को जाति-पाती के बंधनों से मुक्त होकर एक सनातनी हिन्दू परिवार की तरह आगे आना होगा। हम सब केवल हिन्दू है हमारी कोई जाति नहीं है इस अवधारणा को सदैव अपने मन में अपनाना होगा तभी हम हमारे भारत देश व पूरे विश्व में सनातन संस्कृति को अग्रसर कर पाएंगे। वर्तमान में फिजिकल स्पर्श भेदभाव खत्म हो गया है। कुछ जगहो पर मानसिक भेदभाव बचा है उसे भी हम खत्म कर देंगे को हमारा राष्ट्र सर्वोपरि माना जाएगा और सम्पूर्ण विश्व में भारत का डंका बजेगा सनातन धर्म का डंका बजेगा। उक्त बात बुधवार को लवखेड़ी हनुमान धाम पर आयोजित विशाल हिन्दू सम्मेलन में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला ग्रामीण बौद्धिक प्रमुख जयप्रकाश सरिया ने कही। हजारों लोगो की उपस्थिति में आयोजित हिन्दू सम्मेलन में कथा वाचक साध्वी प्रज्ञा विष्णु प्रिया दीदी, आद्य राष्ट्रीय सेवा समिति की निधि शर्मा, खंड संयोजक जगदीश नारायण त्रिवेदी, रामानुजकोट उज्जैन से आए ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन दिनेश त्रिवेदी ने किया व आभार राजेश रघुवंशी ने माना। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा व मातृशक्ति भी उपस्थित थी। कार्यक्रम के पश्चात सहभोज का आयोजन हुआ।

## एक नजर ▶ प्री-बजट सुझावों पर हुई परिचर्चा

## टैक्स प्रैक्टिशनर एसोसिएशन ने करदाताओं एवं व्यवसायियों की समस्याओं को प्रमुखता से रखा




**उज्जैन।** आगामी केंद्रीय बजट के परिप्रेक्ष्य में टैक्स प्रैक्टिशनर एसोसिएशन उज्जैन द्वारा प्री-बजट सुझावों पर एक संक्षिप्त एवं सारगर्भित परिचर्चा आयोजित की गई। केंद्र शासन द्वारा एमवायजीओवी डॉट इन पोर्टल पर जनसामान्य से केंद्रीय बजट पर सुझाव मांगे गए है, जिसकी अंतिम तिथि 16 जनवरी 2026 है। परिचर्चा में सदस्यों ने उज्जैन जैसे टियर-3 शहरों के करदाताओं एवं छोटे व्यवसायियों को आ रही व्यावहारिक समस्याओं को प्रमुखता से रखा। विशेष रूप से जटिल अनुपालन प्रक्रियाएँ, बार-बार बदलते नियम, तकनीकी पोर्टल संबंधी कठिनाइयाँ तथा सीमित संसाधनों के बावजूद समयबद्ध अनुपालन का दबाव चर्चा के मुख्य बिंदु रहे।

सदस्यों ने मत व्यक्त किया कि कर कानूनों को सरल, स्पष्ट एवं व्यावहारिक बनाया जाना आवश्यक है, जिससे छोटे शहरों के करदाता भी बिना अनावश्यक भय एवं विवाद के सहज रूप से अनुपालन कर सकें।

परिचर्चा में प्राप्त सुझावों को संकलित कर संबंधित विभाग को प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया। परिचर्चा में संस्था अध्यक्ष सीए नीलेश अग्रवाल, एडवोकेट पी के दास, सीए कामिनी मेहरवाल, खाचरोद से एडवोकेट एम के चंडालिया, संस्था के उपाध्यक्ष एडवोकेट अमोल जोशी व संस्था के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट जीतेन्द्र चौहान ने किया। उपरोक्त जानकारी संस्था के सचिव एडवोकेट प्रसून भवालकर द्वारा दी गयी।